भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया

नई दिल्ली, 3 नवंबर, 2024 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सभी हवाई अड्डों और संस्थानों में दिनांक : 28 अक्टूबर, 2024 से 3 नवंबर, 2024 तक **"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"** विषयांतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का आयोजन किया गया।

भाविप्रा, निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में दिनांक: 28 अक्टूबर, 2024 को आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. एच. श्रीनिवास, सदस्य (मानव संसाधन) द्वारा संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री निखिल कुमार कनोडिया, आईपीएस, के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य श्री शरद कुमार, सदस्य (प्रचालन), श्री पंकज मल्होत्रा, सदस्य (वित्त), श्री अनिल कुमार गुप्ता, सदस्य (योजना) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सदस्य (मानव संसाधन) द्वारा लगभग 40 अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

सदस्य (मानव संसाधन) ने संगठन के प्रभावी कार्यपद्धति में सतर्कता के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्मिकों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की गतिविधियों में ईमानदारी और निष्ठा से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सतर्कता निदेशालय द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री निखिल कुमार कनोडिया (आईपीएस) ने केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत पाँचों क्षेत्रों में सतर्कता निदेशालय द्वारा निवारक सतर्कता पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की प्रस्तावना के रूप में पिछले दो महीनों में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण **"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"** के लिए दृढ़ता से अग्रसर है। उन्होंने सभी कार्मिकों से आयोग के आदेश को अक्षरशः प्राप्त करने हेतु भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन में अपनी सक्रिय सहभागिता देने का आह्वान किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सभी हवाई अड्डों और संस्थानों में नागरिकों और कार्मिकों के लिए भाषण, वाद-विवाद, निबंध, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, नारा प्रतियोगिता, वॉकथॉन और ग्राम सभा जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं ताकि उन्हें सतर्कता के महत्व और भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जागरूक किया जा सके। सभी हितधारकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के लिए हवाई अड्डों पर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा काउंटर स्थापित किए गए थे।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें:

: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 19/2024-25